>

Title: Need to provide a special financial package to Rajasthan to meet the acute shortage of potable water.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : मान्यवर अध्यक्ष महोदय, विगत वर्ष राजस्थान के अधिकांश भागों में बहुत कम वर्षा हुई। पिछले कई वर्षों से राज्य में सूखा पड़ने, अकाल की स्थिति पैदा होने और वर्षा कम होने से नदियां, तालाब और कुएं आदि सब सूख गए हैं। जलस्तर अत्यधिक नीचे चले जाने के कारण सारे हैंडपम्प भी बन्द पड़े हैं। यद्यपि राज्य सरकार, अपने सीमित साधनों से, पानी की कमी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में टैंकरों से पानी पहुंचाने का प्रयास कर रही है, फिर भी अधिकांश क्षेत्रों में भयंकर पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। आने वाले दिनों में यह संकट और भी विकराल हो जाएगा। अतः मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि इस पेयजल संकट हेतु राजस्थान सरकार को अविलम्ब विशेष आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। धन्यवाद।